प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए एक लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये का भारी–भरकम बजट पेश किया है। यह बजट पिछले साल की तुलना में काफी बड़ा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। वित्त मंत्री ने सदन में कहा कि यह बजट झारखंड वासियों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला है। सरकार ने गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, ऊर्जा और शिक्षा क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है। श्री किशोर ने सरकार का दावा है कि यह बजट सामाजिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास को मजबूती देगा। गरीब, महिलाओं और कमजोर वर्गों को प्राथमिकता देने के साथ–साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी अधिक फोकस किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में किए गए उपाय सीधे लोगों की जिंदगी में बदलाव लाने वाले हैं और राज्य में विकास की गति और मजबूती बढ़ाने में मदद करेंगे।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शासन में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आज एक विशेष डिजिटल डैशबोर्ड का लोकार्पण करेंगे। इस डैशबोर्ड के जरिए सरकारी योजनाओं और कार्यप्रणाली की निगरानी सीधे की जा सकेगी। इसके साथ ही, राज्य सरकार के कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा के लिए पंजाब नेशनल बैंक के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी मौजूद रहेंगे।

****

चतरा में हुए एयर एंबुलेंस हादसे की विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो, एएआईबी जांच के आदेश दिये गये हैं। एएआईबी की टीम ब्लैक बॉक्स बरामद करने और तकनीकी खामियों या मानवीय त्रुटि की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में इस विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर आ रही हैं। अपने दौरे के क्रम में राष्ट्रपति जमशेदपुर में दो कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति श्रीजगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चैरिटेबल सेंटर ट्रस्ट कदमा के श्री जगन्नाथ मंदिर के भूमि पूजन समारोह में शामिल होंगी। इसके अलावा वे जमशेदपुर के मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज का भी दौरा करेंगी और विद्यार्थियों से संवाद करेंगी। इधर राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गयी है।

****

राज्य के 48 नगर निकायों में मतदान खत्म होने के बाद सभी मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। छह हजार से अधिक उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला अब 27 फरवरी को होने वाली मतगणना के बाद होगा। प्रशासन ने गिनती के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

****

पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी और उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज जमशेदपुर सदर प्रखंड अंतर्गत कीताडीह स्थित ईवीएम वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। इस

दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, रखरखाव और निगरानी व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया।

****

उपराजधानी दुमका में आज सवेरे संथाल परगना मोटर मजदूर संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें बेहतर इलाज के लिए आसनसोल रेफर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने घटनास्थल का दौरा कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

****

राज्यभर में मौसम का उतार–चढ़ाव जारी है। मौसम के बदले मिजाज की वजह से चढ़ते पारे पर लगाम लगा है। आने वाले दिनों में इसमें करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। उत्तर पश्चिमी भाग को छोड़कर राज्यभर में आज भी गरज के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान तेज हवाओं के साथ वज्रपात की भी आशंका है, जिसके लिये मौसम विज्ञान केन्द्र ने येलो अलर्ट जारी किया है।

*********समाप्त*********